प्रतिबंधित संचलन

खंड–4 अंक–124 दिनांक– 08/03/2019

के. रि. पु. बल ई–संवाद
सेवा एवं निष्ठा

शहीद की प्रतिमा का अनावरण

जम्मू कश्मीर में पुलवामा हमले में शहीद हुए जवान को श्रद्धांजलि के तौर पर सम्मानित करते हुए 28 फरवरी 2019 को जांबाज विजय सोरेंग के पैतृक गांव फारसामा, गुमला में सीआरपीएफ द्वारा उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।

श्री संजय आनंद लतकर, महानिरीक्षक, सीआरपीएफ, झारखंड की उपस्थिति में सोरेंग की मातृ संस्था कुम्हारी हाई स्कूल में असेंबली स्पीकर श्री दिनेश उरांव द्वारा सोरेंग की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

01 मार्च 2019 को शहीद विजय सोरेंग को समर्पित एक पुस्तकालय का भी उद्घाटन किया गया।

इसके अलावा सीआरपीएफ द्वारा ग्रामीणों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसमें सीआरपीएफ की विभिन्न यूनिटों के चिकित्साधिकारियों की एक टीम द्वारा 485 लोगों का इलाज किया गया। बीमार लोगों के बीच निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर झारखंड की विभिन्न सीआरपीएफ यूनिटों के अधिकारियों और जवानों द्वारा 45 यूनिट रक्तदान किया गया।

परिचालनिक उपलब्धियां

2 मार्च 2019 को 190 बटा सीआरपीएफ ने राज्य पुलिस के साथ झारखंड के चतरा जिले के थाना टांडवा के अंतर्गत गांव बोंगामाटा में एक तलाशी अभियान का संचालन किया जिसमें बल के जवानों ने 10 लाख के इनामी शीर्ष नक्सल कमांडर कबीर को उसके साथी गेंडालाल गंझु के साथ पकड़ा और उनसे 02 एके राइफलें, 02 एसएलआर, 03 स्प्रिंगफील्ड राइफलें, 1051 जिंदा अम्यु., 10 मैगजीन और हथियारों का जखीरा बरामद किया।